भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

राजभाषा प्रभाग

फा.सं. भाखेप्रा/रा.भा./3017/2026-27/ 50-90

दिनांक: 24.04.2026

सेवा में,

भारतीय खेल प्राधिकरण के समस्त प्रभाग/स्टेडिया प्रमुख / क्षेत्रीय केंद्रों/शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख

विषय: भाखेप्रा, मुख्य कार्यालय में दिनांक 29.04.2026 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला के आयोजन के संबंध में।

उपरोक्त विषय के संदर्भ में, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी और राजभाषा नियमों के अनुपालन के क्रम में तथा कार्यकारी निदेशक, राजभाषा की अध्यक्षता में भाखेप्रा. मु.का. के भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की जा रही है। हिंदी कार्यशाला संबंधी विवरण निम्नानुसार है : -

तिथि : 29.04.2026
समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे
स्थान : भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष
वक्ता : श्रीमती ऋचा अधिकारी, सहायक निदेशक, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली
विषय : "बेहतर कार्यक्षमता के लिए प्रौद्योगिकी"

भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्य कार्यालय के समस्त प्रभाग/स्टेडिया प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपने नियंत्रणाधीन कार्यरत उपनिदेशक, सहायक निदेशक, सहायक, अनुभाग अधिकारी तथा तैनात राजभाषा नोडल अधिकारियों के साथ-साथ उन सभी कार्मिकों को भी कार्यशाला में भाग लेने की अनुमति प्रदान करें जिन्होंने अभी तक किसी भी कार्यशाला में भाग नहीं लिया। अनुरोध है कि सभी इस कार्यशाला में व्यक्तिगत रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

क्षेत्रीय केंद्रों में तैनात अधिकारियों/कार्मिकों को इस कार्यशाला में ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा जाएगा। इससे संबंधित ज़ूम लिंक जल्द ही शेयर किया जाएगा। साथ ही सभी से यह अनुरोध है कि इस कार्यशाला में भाग लेने हेतु अपने नियंत्रणाधीन अधिकारियों एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों को इस सूचना से अवगत कराएं और उक्त अवधि के दौरान उन्हें कार्यशाला में भाग लेने हेतु कार्यमुक्त करें।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

गी पराशर
24/4/2

(डॉ.गीता पाराशर)
निदेशक/प्रभारी (रा.भा.)

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण
2. कार्यकारी निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण

3. प्रभारी, सामान्य प्रशासन एवं क्रय प्रभाग - अनुरोध है कि इसे प्राथमिकता आधार पर लेते हुए दिनांक 29.04.20 को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष आरक्षित करें।

- भाग लेने वाले लगभग **30-40** अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु जलप (जल+चाय+बिस्कुट) इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
- व्याख्यान हेतु प्रोजेक्टर एवं माइक की व्यवस्था भी करें।

4. आई. टी. प्रभाग - अनुरोध है कि दिनांक 29.04.2026 को आयोजित कार्यशाला में सहयोग प्रदान करने हेतु कि विशेषज्ञ को नामित करें।

पाराशर
24/4/26
(डॉ.गीता पाराशर)
निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)